BIADA
BIHAR INDUSTRIAL AREA DEVELOPMENT AUTHORITY

बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार

प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना–800004

Website-www.biadabihar.in , Email- biada-bih@gov.in Phone: 0612-2675998 & 2675991

सकारण आदेश

संचिका सं०–436026 निविदा सं०:–03/BIADA/25-26 (Gr.-1) दिनांक 25.04.2025

औद्योगिक क्षेत्र मुजफ्फरपुर के प्लग एंड प्ले शेड (फेज–10, 11 एवं 12) के कैंपस के सड़क निर्माण कार्य हेतु प्राप्त निर्देश के आलोक में कार्य की निविदा NIT–03/BIADA/2025-2026 (Gr.-1), दिनांक–25.04.2025 के माध्यम से की गई। कार्य की निविदा में सम्मिलित चार (04) निविदादाताओं में से एक निविदादाता/संवेदक Aditya Construction,Prop.-Mirala Manohar, S/o Krishna Mohan Prasad Singh, Vill+Post-Chapra Megh, Musahari, Muzaffarpur भी थे। तकनीकी बीड में सम्मिलित सभी निविदादाताओं को तकनीकी बीड में सफल पाया गया। तकनीकी बीड की कार्यवाही को प्राधिकार के वेबसाइट पर 03 दिनों के लिए परिवाद हेतु अपलोड किया गया। तकनीकी बीड की कार्यवाही अपलोड होने के उपरांत परिवाद प्राप्त हुआ जिसमें सूचना मिली कि निविदा में सम्मिलित निविदादाता Aditya Construction द्वारा भवन निर्माण विभाग, मोतिहारी प्रमंडल के रमगढ़वा प्रखण्ड में 4 अदद पंचायत सरकार भवन का कार्य किया जा रहा है।

प्राप्त परिवाद के आलोक में भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल मोतिहारी के कार्यपालक अभियंता से इस संबंध में पत्राचार किया गया। जिसके आलोक में कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, मोतिहारी द्वारा सूचित किया गया है कि संवेदक आदित्य कंस्ट्रक्शन द्वारा पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत रामगढ़वा प्रखण्ड के ग्राम–सकरार, ग्राम–बैरिया, ग्राम–पखनहिया एवं ग्राम–आमोदेई में कुल 04 अदद पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य (विद्युतीकरण सहित) कुल राशि रू0 12,55,42,250/– मात्र का एकरारनामा कर कार्य कराया जा रहा है जिसमें उस समय तक कराये गये कार्य का Work Done Value लगभग 7.50 करोड़ रूपये मात्र था।

इस संबंध में निविदादाता आदित्य कंस्ट्रक्शन से बियाडा के पत्रांक 2955/Tech दिनांक 18.07.2025 एवं पत्रांक 3396/Tech दिनांक 20.08.2025 के माध्यम से स्पष्टीकरण माँगा गया, जिसके आलोक में निविदादाता द्वारा पत्रांक–शून्य दिनांक 31.09.2025 को प्रतिवेदित किया गया कि "मेरे ऑपरेटर द्वारा गलती से On Going Commitment को Nil कर दिया गया था, जिसकी जानकारी मुझे नहीं थी। मेरे Ongoing Work का काम टेंडर के समय तक 60% पुरा किया जा चुका था, जिसका सर्टिफिकेट पत्रांक 735 दिनांक 23.06.2025 को कार्यपालक अभियंता द्वारा दिया गया है।"

उपर्युक्त तथ्यों के सम्यक परीक्षण के उपरांत यह स्पष्ट होता है कि निविदादाता Aditya Construction द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया है। निविदादाता द्वारा निविदा संबंधी आवश्यक तथ्यों को छुपाने का कार्य किया गया है। निविदादाता द्वारा Existing Commitment for ongoing works में NIL दर्शा कर तथ्यों को छुपाने का काम किया गया है, जो कि निविदा आमंत्रण सूचना के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिका 13 (ङ) में निहित प्रावधानों के अनुसार, गलत/भ्रामक सूचना अथवा जाली दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने की स्थिति में प्राधिकार को दंडात्मक कार्रवाई करने का अधिकार निहित है।

अतः निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिका 13 (ङ) में निहित प्रावधानों के अनुसार, गलत/भ्रामक सूचना अथवा जाली दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने के आलोक में निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि निविदादाता/संवेदक Aditya Construction,Prop.-Mirala Manohar, S/o Krishna Mohan Prasad Singh, Vill+Post-Chapra Megh, Musahari, Muzaffarpur द्वारा निविदा में जमा की गई अग्रधन (EMD) राशि जब्त करते हुए बियाडा अंतर्गत आगामी निविदाओं में भाग लेने से एक वर्ष की अवधि तक वंचित (Debar) किया जाता है।

प्रस्ताव पर प्रबंध निदेशक, बियाडा का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
उपमहाप्रबंधक, तकनीकी (नॉर्थ)
बियाडा पटना।

ज्ञापांक.........................   दिनांक....................................

प्रतिलिपि– Aditya Construction,Prop.-Mirala Manohar, S/o Krishna Mohan Prasad Singh, Vill+Post-Chapra Megh, Musahari, Muzaffarpur को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –

उपमहाप्रबंधक, तकनीकी (नॉर्थ)

बियाडा, पटना

ज्ञापांक.....1721/Tech.....   दिनांक.....29/04/26.....

प्रतिलिपि – आई0टी0 शाखा, बियाडा, पटना को बियाडा के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

SV 29/04/26

उपमहाप्रबंधक, तकनीकी (नॉर्थ)

बियाडा, पटना